भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2763
उत्तर देने की तारीख 05 अगस्त, 2026

राष्ट्रीय राजमार्गों पर दूरसंचार ब्लैक स्पॉट

2763. डॉ. संबित पात्राः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल नेटवर्क की अनुपलब्धता वाले दूरसंचार ब्लैक स्पॉटों की संख्या का पता लगाने के लिए कोई अध्ययन कराया है और यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) राष्ट्रीय राजमार्गों पर दूरसंचार ब्लैक स्पॉटों की समस्या के समाधान के लिए उठाए गए/ उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क): दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने देश भर के राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल कवरेज की कमियों की पहचान करने के लिए कोई विशेष अध्ययन नहीं किया है। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा रिपोर्ट किए गए मामलों के आधार पर दूरसंचार विभाग की फील्ड इकाइयों ने वर्तमान में इन राजमार्गों पर 117 दूरसंचार ब्लैक स्पॉटों की पहचान की है। राज्यवार विवरण अनुबंध-I के रूप में संलग्न है।

(ख): सरकार ने डिजिटल भारत निधि (डीबीएन) के माध्यम से देश भर के कवर न हुए गांवों तथा पूर्वोत्तर राज्यों (अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, त्रिपुरा) और संघ राज्य क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल कवरेज उपलब्ध कराने के लिए अनेक मोबाइल परियोजनाएं शुरू की है । इस पहल के तहत इन राष्ट्रीय राजमार्गों पर मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए 333 मोबाइल टावर चालू किए गए हैं।

अनुबंध-I

क्रम संख्या.	**राज्य का नाम**	**दूरसंचार विभाग के फील्ड इकाइयों द्वारा चिन्हित ब्लैकआउट क्षेत्रों की संख्या**
1	आंध्र प्रदेश	21
2	असम	4
3	बिहार	0
4	छत्तीसगढ़	0
5	गुजरात	8
6	हिमाचल प्रदेश	3
7	झारखंड	0
8	कर्नाटक	20
9	मध्यप्रदेश	5
10	महाराष्ट्र	3
11	मेघालय	4
12	ओडिशा	22
13	राजस्थान	23
14	तमिल नाडु	0
15	तेलंगाना	3
16	उत्तर प्रदेश	0
17	उत्तराखंड	1
कुल		**117**

****